स्मरण पत्र–2

अति आवश्यक/तिथिबद्ध

प्रेषक

निदेशक मौलिक शिक्षा, हरियाणा
पंचकूला।

सेवा में

राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

यादि क्रमांक 03/08–2023 Sch(1)
दिनांक, पंचकूला

विषयः– **वर्ष 2026–27 के लिए मासिक स्कीमों के अन्तर्गत विद्यार्थियों की उपस्थिति के आधार पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि से संबंधित द्वितीय एवं तृतीय तिमाही के लिए विद्यार्थियों का डाटा MIS School Portal पर अपडेट करने बारे।**

****

उपरोक्त विषय पर निदेशालय के पत्र क्रमांक 03/08–2023 Sch (1) दिनांक 07–10–2026 व 23–10–2026 की निरन्तरता में।

विष्यांकित मामले बारे सन्दर्भित पत्र के तहत वर्ष 2026–27 में कक्षा 1 से 8वीं तक की त्रैमासिक स्कीमों (SC, BC-A & BPL) के अर्न्तगत द्वितीय एवं तृतीय तिमाही के लिए विद्यार्थियों की उपस्थिति **MIS School Portal** पर दिनांक 04–11–2026 तक अपडेट करने बारे लिखा गया था, परन्तु आप द्वारा अभी तक पूर्ण डाटा अपडेट नहीं किया गया है।

अतः आपको **अंतिम अवसर** प्रदान करते हुए लिखा जाता है कि आप अपने अधीनस्थ सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों/विद्यालयों के मुखिया को आदेश देवें कि वह त्रैमासिक स्कीमों के अर्न्तगत विद्यार्थियों का पूर्ण डाटा स्कीमानुसार उपस्थिति के आधार पर **MIS School Portal** पर **दिनांक 16–11–2026** तक हर अवस्था में अपडेट करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित अवधि तक स्कीमों के पात्र विद्यार्थियों की उपस्थित पोर्टल पर अपडेट नहीं की जाती और कोई भी पात्र विद्यार्थी त्रैमासिक स्कीमों का लाभ लेने से वंचित रह जाता है तो इसके लिए आपका कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय का मुखिया एवं कक्षा इंचार्ज पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे।

कृप्या इसे उच्च प्राथमिकता देने का कष्ट करें।

–Sd–
अधीक्षक, छात्रवृति
कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा, पंचकूला।

पृष्ठांकन– क्रमांक–सम **दिनांक, पंचकुला** 12/11/26.

उपरोक्त की प्रति निम्नलिखित आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. आई0टी0 सैल (मु0) को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए।
2. आई0टी0 सैल (मु0) MIS Portal टीम के लिए।

Rgupchan
अधीक्षक, छात्रवृति
कृतेः निदेशक मौलिक शिक्षा
हरियाणा, पंचकुला।